आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 04.11.2025 समय : 01:00 पी.एम.

00000

राज्य में आज से वोटर लिस्ट की स्पेशल इंन्टेसिव रिविजन शुरू हो गई है। इसके तहत मतदाता सूची में किसी भी प्रकार की गलतियों को दूर करने के लिए विशेष गहन पुनरीक्षण होगा। एसआईआर के दौरान बीएलओ आज से घर–घर जाकर गणना प्रपत्र दे रहे है। 4 दिसम्बर तक ईएफ वितरण का काम पूरा किया जायेगा। आयोग की ओर से इस बार ऑनलाईन ये फॉर्म भरने की सुविधा भी दी जायेगी। एसआईआर प्रकिया पूरी होने के बाद मतदाता सूची को फिर से अपडेट किया जायेगा। 9 दिसम्बर को वोटर लिस्ट का ड्राफ्ट प्रकाशित होगा। इसके बाद अगले साल 8 जनवरी तक दावे और आपत्तियां ली जायेंगी। 7 फरवरी को अंतिम मतदाता सूची जारी की जायेगी।

0000

विधानसभ अध्यक्ष वासुदेव देवनानी की धर्मपत्नी इंदिरा देवी का आज अजमेर में अंतिम संस्कार किया जा रहा है। उनका कल जयपुर के एसएमएस अस्पताल में ईलाज के दौरान निधन हो गया था। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने अजमेर पंहुचकर श्रीमती इंदिरा देवी की पार्थिव देह पर पुष्पाजंलि अर्पित की। उन्होंने शोकाकुल परिवार के प्रति संवेदनाएं व्यक्त की।

0000

प्रदेश में सड़क हादसों की रोकथाम के लिए आज से विशेष सड़क सुरक्षा अभियान चलाया जा रहा है। 15 दिन का ये अभियान यातायात और सड़क सुरक्षा व्यवस्था को प्रभावी बनाने का काम करेगा।

इसे परिवहन, पुलिस और सार्वजनिक निर्माण विभाग की ओर से संयुक्त रूप से चलाया जायेगा। इसके साथ ही यातायात नियमों की पालना नहीं करवाने और समय पर कार्यवाही नहीं करने वाले अधिकारियों और कार्मिको के खिलाफ जीरो टोलरेंस की नीति अपनाई जायेगी। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कल एक उच्चस्तरीय बैठक में इस बारे में निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि शराब पीकर वाहन चलाने वाले और तेज गति को लेकर बार–बार चालान होने पर वाहन चालकों का लाईसेंस निरस्त किया जाये। श्री शर्मा ने सभी जिला कलेक्टरों और पुलिस अधीक्षकों को सड़क सुरक्षा अभियान के तहत प्रदेश में चिन्हित ब्लेकस्पॉट्स को जल्द ठीक करवाने और राजमार्गो पर अवैध कट को बंद करवाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने एनएचएआई के अधिकारियों को भारत माला राष्ट्रीय राजमार्ग और दिल्ली मुम्बई औद्योगिक कोरिडोर के किनारे बने सभी अवैध निर्माणों और ढाबों को हटाने के निर्देश दिए। ऑवरलोडिंग करने वाले वाहनों के खिलाफ भी सख्त कार्यवाही की जायेगी। जयपुर और फलौदी में हुए भयावह सड़क हादसों के बाद मुख्यमंत्री निवास पर कल आपात बैठक बुलाई गई। इसमें पुलिस परिवहन सार्वजनिक निर्माण विभाग, चिकित्सा और स्वास्थ्य तथा एनएचएआई तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने कडा संदेश देते हुए कहा कि जनता की सुरक्षा में किसी तरह की कोई कौताही बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

0000

श्रीगंगानगर के सूरतगढ में बीती रात एक सड़क हादसे में 20 लोग घायल हो गए। दुर्घटना सूरतगढ–बीकानेर रोड़ पर पिकअप और ट्रक की टक्कर से हुई। पुलिस ने बताया कि पिकअप सवार लोग नरमा चुगाई के बाद लौट रहे थे कि हादसे का शिकार हो गये।

0000

प्रदेश के तीनो विद्युत वितरण निगमों के खराब मीटरों को जल्द बदला जायेगा। डिस्कॉम चेयरमैन आरती डोगरा ने इस काम में गति लाने के निर्देश दिए है। सुश्री डोगरा कल विद्युत भवन में वीडियो कॉन्फ्रेंन्सिंग के माध्यम से जयपुर, जोधपुर और अजमेर विद्युत वितरण निगमों की समीक्षा बैठक में बोल रही थी। डिस्कॉम चेयरमैन ने सभी सरकारी भवनों में नवम्बर के अंत तक स्मार्ट मीटर लगाने के लक्ष्य को हांसिल करने को कहा है।

0000

प्रदेश में टोबेको फ्री यूथ कैम्पेन 3.0 के तहत कई तरह की जागरूकता गतिविधियां हो रही है, जिनके माध्यम से तंबाकू सेवन से होने वाले नुकसान के बारे में आमजन को बताया जा रहा है। इसी कडी में आज जैसलमेर में स्वास्थ्य भवन में जनजागरूकता कार्यक्रम रखा गया। इसमें चिकित्सा विभाग के अधिकारियों ने प्रतिभागियों को तंबाकू का इस्तेमाल नहीं करने की शपथ दिलाई।

0000

प्रदेश के कल से सक्रिय हुए नये पश्चिमी विक्षोभ का असर आज भी बना हुआ है। भरतपुर, कोटा, करौली सहित कई जगह ठण्डी हवाओं और गरज के साथ बूंदाबांदी हो रही है। मौसम विभाग ने आज कोटा, जयपुर, अजमेर और भरतपुर संभाग के कुछ भागों में बारिश को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। वहीं बीते 24 घंटों में कई स्थानों पर गरज के साथ बरसात हुई। बूंदी के नैनवा और हिंडोली में 3—3 सेंटीमीटर पानी बरसा। वहीं अजमेर, पाली, सवाईमाधोपुर के चौथ का बरवाडा में भी अच्छी बारिश हुई। बाडमेर, बालोतरा और राजधानी जयपुर में भी रिमझिम बारिश का दौर चला।

0000

गुरूनानक जयंती कल मनायी जायेगी। इसे गुरू पर्व और प्रकाश पर्व के नाम से भी जाना जाता है। सिख धर्म के प्रवर्तक गुरूनानक देव के जन्मदिन पर ये पर्व मनाया जाता है। इस मौके पर गुरूद्वारों में सजावट और रोशनी की जा रही है। इसके साथ ही शबद कीर्तन, अरदास और लंगर के आयोजन की तैयारियां की जा रही है।

0000

राष्ट्रगीत वंदे मातरम के डेढ सौ साल पूरे होने के उपलक्ष में प्रदेशभर में 7 नवंबर से विशेष कार्यक्रम होंगे। इस उपलक्ष्य में चित्र प्रदर्शनियों और कला संस्कृति से जुडे आयोजन होंगे। राज्यस्तरीय कार्यक्रम 7 नवंबर को जयपुर के एसएमएस स्टेडियम में आयोजित किया जायेगा। इसमें शिक्षण संस्थानों एनसीसी, एनएसएस, स्काउट गाइड, पुलिस, सामाजिक संगठनों और आमजन की भागीदारी रहेगी।

0000